तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

11 समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी न होने पर फूटा...

12 वीर बालकों की स्मृति में विद्यार्थियों ने रोपे पौधे





कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला

## खबर संक्षेप

### देवी राजवाली बाई जात्रा आज

**रसेला।** ग्राम कनफाड में आज यानी 30 दिसंबर को देवी राजवाली बाई जात्रा का आयोजन किया जाएगा। जात्रा का शुभारंभ प्रातः 7 बजे से किया जाएगा। आदिवासियों की अपनी अलग रीति रिवाज, पूजा अर्चना पद्धति एवं संस्कृति है, और आदिवासी समाज अनंत काल से प्रकृति को आराध्य मानकर उसकी पूजा कर उत्सव मनाते आ रहे हैं। इसी उत्सव की कड़ी में ग्राम कनफाड में ग्राम की ईष्ट देवी मां राजवाली बाई जात्रा का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के अतिथि होंगे लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता सरपंच लता नागेश, अतिविशिष्ट अतिथि होंगे जनपद सदस्य बिमला नागेश, विशिष्ट अतिथि केशरी ध्रुव, भुवनलाल नेताम, सीमा गुप्ता उपसरपंच, भूमिका नेताम पंच, अमरसाय मरकाम, जयंती नागेश, श्याम बाई नेताम, लुकेश्वरी जगत, सगनू नेताम, सुकल नेताम, सचिव दामोदर सोरी, बाबूलाल दिवाकर आदि मंच पर मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के उपलक्ष्य में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम मयारू गंगा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम साराबोग जिला नुआपड़ा ओडिशा की प्रस्तुति दी जाएगी। यहां कार्यक्रम रात्रि 9 बजे शुभारंभ किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में धरमसिग नेताम, जयमन मरकाम, जगेराम नेताम, टेलरसिग मरकाम, यशवंत नेताम, सुभाषचंद नेताम, घसिया राम सोरी, बालेश्वर नागेश, मोहन सोरी, हेमसिह नेताम सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### मैनपुर कला में मड़ई 7 जनवरी को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर ग्राम पंचायत मैनपुरकला (गड्ढाभाठा) में आगामी 07 जनवरी दिन बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है एवं रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी सरपंच गज्जु नेगी ने देते हुए सभी लोगों से मड़ई मेला में शामिल होने की अपील किया है।

### दरलीपारा में क्रिकेट प्रतियोगिता 8 जनवरी से

**मैनपुर।** देवभोग विकासखण्ड के ग्राम दरलीपारा में जय मां भंडारूणी क्रिकेट क्लब द्वारा 08 जनवरी से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 50001 रूपये एवं द्वितीय पुरस्कार 30001 रूपये तथा ट्राफी के साथ कई आकर्शक पुरस्कार रखे गये है। उक्त जानकारी अध्यक्ष गंधर्व बेसरा, उपाध्यक्ष दयामणी बेसरा, सचिव अजीत मरकाम, कोशाध्यक्ष जयद्रथ बेसरा द्वारा दी गई है।

### दो बाइक आपस में टकराई, युवक घायल

**मैनपुर।** मैनपुर -गरियाबंद नेशनल हाइवे मार्ग 130 सी शराब दुकान के सामने सोमवार को दो मोटर साइकिल आपस में टकरा गई। इस दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए गरियाबंद ले जाया गया।

### देहारगुड़ा में सांस्कृतिक उत्सव कल

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 06 किमी दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा में 31 दिसम्बर को बजरंग चौक रंगमंच में रात्रि 9 बजे से रंगारंग लोककला सांस्कृति उत्सव का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित किया गया है।

# मिनी कश्मीर आमामोरा में उमड़े सैलानी, उदंती के जंगलों में दिखे मालाबार धनेश पक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

दिसंबर के अंतिम सप्ताह और नववर्ष के आगमन को लेकर गरियाबंद जिले का उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। छत्तीसगढ़ के 'मिनी कश्मीर' के नाम से विख्यात आमामोरा और पहाड़ी ओड़ (कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र) में सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सोमवार को यहां पहुंचे पर्यटकों को प्रकृति का एक अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब उन्होंने यहाँ के दुर्लभ पक्षी 'मालाबार धनेश' के जोड़े को विचरण करते देखा। मध्य प्रदेश के अनूपपुर से पहुंचे सैलानियों के एक दल ने आमामोरा के घने जंगलों में दुर्लभ मालाबार धनेश पक्षी के जोड़े की तस्वीरें अपने कैमरों में कैद कीं। पर्यटकों ने बताया कि घने जंगलों के बीच इन दुर्लभ पक्षियों को नजदीक से देखना एक रोमांचक अनुभव रहा। इसके साथ ही सैलानियों ने उदंती अभ्यारण्य में पाए जाने वाले विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों और अन्य वन्यप्राणियों को भी उनके प्राकृतिक रहवास में विचरण करते देखा।

**अनूपपुर के सैलानियों ने कैमरे में कैद किया नजारा**

**पर्यटकों की पहली पसंद बना कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र**

कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमामोरा की ऊंची पहाड़ियों और ठंडे वातावरण के कारण इसे छत्तीसगढ़ का मिनी कश्मीर कहा जाता है। नववर्ष का जश्न मनाने के लिए प्रदेश के कोने-कोने से लोग यहाँ पहुँच रहे हैं, जिससे स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।



**दुर्लभ पक्षियों का बसेरा है उदंती**

वन विभाग के अनुसार, मालाबार धनेश एक अत्यंत दुर्लभ पक्षी है, जो केवल अनुकूल और घने वन क्षेत्रों में ही पाया जाता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व का शांत वातावरण और घना जंगल इन पक्षियों के लिए एक सुरक्षित बसेरा है। पर्यटन सीजन के चलते विभाग ने यहाँ सुरक्षा और निगरानी भी बढ़ा दी है।

**कार्रवाई : देवभोग और अमलीपदर थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने दी दबिश**

# अवैध परिवहन मामले में 50 दिन में 70 लाख रुपए का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/मैनपुर

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच गरियाबंद पुलिस ने दीगर राज्यों से आने वाले अवैध धान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले 1 माह 20 दिनों (50 दिन) के भीतर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कुल 2264.3 क्विंटल अवैध धान जप्त किया है, जिसकी बाजार दर पर अनुमानित कीमत 70 लाख 19 हजार 330 रुपये आंकी गई है। सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देवभोग और अमलीपदर थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। उड़ीसा की ओर से धान की अवैध बिक्री के लिए परिवहन कर रहे वाहनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इस कार्रवाई में कुल 208 कट्टा (88 क्विंटल) धान बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 2.72 लाख रुपये है।



**सीमावर्ती चेक पोस्टों पर बढ़ी निगरानी**

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर ओडिशा सीमा से सटे चेक पोस्टों पर तैनात बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य का लाभ केवल पंजीकृत किसानों को ही मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए अवैध परिवहन के खिलाफ यह सख्ती आगे भी जारी रहेगी। जप्त धान और वाहनों को आगामी वैधानिक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

**जब्त किए गए वाहन और धान का ब्यौरा**

देवभोग क्षेत्र में एक 407 मेटाडोर (सीजी -05-डी-0994) से 100 कट्टा और एक बोलेरो पिकअप (ओडी-26-1521) से 60 कट्टा धान जब्त। अमलीपदर क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट वाली बोलेरो पिकअप से 48 कट्टा धान बरामद। इन सभी मामलों में वाहन चालक परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

# बुड़गेलटप्पा के पास रूई से भरा ट्रक पलटा, सात घंटे लगे जाम में फंसे रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी की बदहाल स्थिति के चलते लगातार दुर्घटनाएं बढ़ गई है झरियाबाहरा से लेकर धुर्वागुड़ी तक सिंगल सड़क में वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। आज फिर बुड़गेलटप्पा के बीच मोड़ में रुई से लदा ट्रक 1109 जो देवभोग की ओर से रायपुर की तरफ जा रही थी, बुड़गेलटप्पा के समीप मार्ग के बीचों-बीच दूसरे वाहन को साइड देते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे यातायात घंटे तक बाधित रही। घटना बीती रात 2 बजे के आसपास के बताई जा रही है। वाहन के पलटने से मार्ग के दोनों ओर यात्री बसों सहित वाहनों की लंबी कतार लग गई। कड़ाके की ठंड में यात्रियों व वाहन चालकों को जंगल में भारी परेशान होते रहे। घटना की सूचना मिलते ही मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम सुबह मौके पर पहुंच गए। पुलिस की मदद से एसडीएम अपनी उपस्थिति में ही जेसीबी मशीन से पलटे वाहन को किनारा करते हुए यातायात को



बहाल किया। राष्ट्रीय राज्यमार्ग 130 सी झरियाबाहरा से धुर्वागुड़ी तक सिंगल लेन सड़क होने के कारण प्रायः वाहनों की दुर्घटना होने और जाम लगने की स्थिति बनी रहती है। मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे मार्ग में बुड़गेलटप्पा के पास रूई से भरा वाहन सड़क में पलट जाने से रात भर वाहनों का जाम नेशनल हाइवे में 10 किमी तक लगी रही कड़ाके की ठंड में छोटे-छोटे बच्चों के साथ ग्रामीण परेशान होते रहे। वहीं वाहन को हटाने लगातार प्रयास करते रहे। मैनपुर एसडीएम के पहुंचने के बाद आज सुबह 9 बजे पलटे वाहन को हटाया गया। तब कही जाकर आवागमन सुचारू हो पाया।

# नगर में कृषि कालेज निर्माण की मांग को लेकर आज से धरना प्रदर्शन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर में कृषि कालेज के निर्माण की मांग शासन से करने नगर विकास सेवा संघर्ष समिति के बैनर तले रानी श्यामकुमारी देवी चौक के पास 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक धरना प्रदर्शन, चक्का जाम का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसको लेकर तहसील कार्यालय एवं फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम गावड़े को इस धरना प्रदर्शन को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। इस अवसर पर




समिति के अध्यक्ष भागवत हरित, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, अशोक साहू, किरणेश सोनी, ओमप्रकाश बंछोर, जितेन्द्र सिंग ठाकुर, हरिशंकर श्रीवास्तव, जितेन्द्र शर्मा, अरेन्द्र पहाड़िया आदि उपस्थित थे।

# भाठीगढ़ से पथर्री मार्ग का चार बार हुआ सर्वे, अब भी है पक्की सड़क का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम भाठीगढ़ से पथर्री ठेमली मार्ग की बदहाली क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। पिछले 30 वर्षों से ग्रामीण इस 4 किलोमीटर लंबी सड़क के पक्कीकरण (डामरीकरण) की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन के तमाम आश्वासनों के बावजूद





आज भी राहगीर धूल और पथरीले रास्ते पर चलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले चार वर्षों में इस मार्ग का कई बार सर्वे किया जा चुका है। पूरा एस्टीमेट तैयार कर विभाग को भेजा गया, लेकिन फाइल अब भी दबी हुई है। तत्कालीन कलेक्टर नम्रता गांधी ने भी स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण ⏭ शेष पेज 11 पर

**पंचवटी प्रसंग और सीता हरण की मार्मिक कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु**

# नारी की शक्ति उनके त्याग और संस्कारों में है निहित : पं. प्रशांत





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के पावन अवसर पर अयोध्याधाम से पधारे प्रसिद्ध श्रीराम कथावाचक पंडित प्रशांत जी महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीरामचरितमानस के भावपूर्ण प्रसंगों से भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास काल से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का अत्यंत रोचक एवं भावात्मक वर्णन किया। कथावाचक पं. प्रशांत जी महाराज ने सर्वप्रथम महर्षि अत्रि एवं माता अनुसुईया के आश्रम का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीराम, माता सीता एवं भ्राता लक्ष्मण वनगमन के दौरान अत्रि मुनि के आश्रम पहुंचे, जहां माता अनुसुईया ने माता सीता को पतिव्रत धर्म का उपदेश दिया तथा उन्हें दिव्य वस्त्र एवं आभूषण प्रदान किए। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने नारी धर्म, त्याग और मर्यादा का महत्व समझाया। पंडित जी ने कथा को आगे बढ़ाते हुए पंचवटी प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। पंचवटी में भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण से रावण की बहन ⏭ शेष पेज 11 पर

# वीर बाल दिवस पर गुरु सिंह सभा ने मौन रैली निकाली



**अभनपुर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर अभनपुर गुरु सिंह सभा द्वारा नगर में मौन रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नगरवासियों को साहस, बलिदान और धर्म रक्षा का संदेश दिया गया। आयोजको ने बताया कि सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों ने अल्प आयु में ही हिंदू धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे देश सदैव स्मरण करता रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, जगजीत सिंह गांधी, मनदीप गांधी, अनमोल गांधी, यश गांधी, गुरमीत सचदेवा, रौमक छाबड़ा, अनमोल सचदेवा, डिम्पल गुलाटी, हिम्मत सिंह, शशि शर्मा, जसबीर कौर गांधी, राजिंदर कौर गांधी,पार्षद गंगा कौर, बबली गांधी, बाबी गुलाटी, बबली गुरुदत्ता, रानी पिपलानी, रश्मि गांधी, बलजीत गांधी, निर्मल छाबड़ा, कुलदीप कौर भाटिया, कंचन कौर, पिंकी दुआ,सिमरन दुआ सहित आदि लोग शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

छुरा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के नाम में बदलाव, धान खरीदी केंद्र में परिवहन करने एवं धान खरीदी समय सीमा बढ़ाने की मांग पर 30 दिसंबर को 12 बजे, स्वर्ण जयंती चौक पर धरना प्रदर्शन रखा गया है, अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने अभी कार्यकर्ताओं, किसानों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### शिको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के गवर्नेंस बॉडी की हुई बैठक

**महासमुंद।** कराते इंडिया आर्गेनाईजेशन एवं शिको काई कराते इंटरनेशनल इंडिया के अध्यक्ष हंशी भारत शर्मा निर्देशानुसार स्टाइल के छत्तीसगढ़ प्रदेश की गवर्नेंस बॉडी की महत्वपूर्ण बैठक भिलाई में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025 में स्टाइल के माध्यम से आयोजित प्रतियोगिताओं एवं सेमिनारों की समीक्षा करना तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक में जिला स्तरीय स्टाइल की मान्यता, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा संगठनात्मक अनुशासन की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान यह स्पष्ट निर्णय लिया गया कि बिना अनुमति एवं गैर-मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों अथवा पदाधिकारियों पर नियमानुसार प्रतिबंध (बैन) लगाया जाएगा, ताकि कराते खेल की गरिमा और अनुशासन बना रहे। गवर्नेंस बॉडी ने आगामी वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की कराते प्रतियोगिताओं की तैयारी पर गंभीरता से चर्चा की। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए तकनीकी मानक, रेफरी व्यवस्था, प्रशिक्षण शिविर, चयन प्रक्रिया तथा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए विशेष योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय विवरण की समीक्षा की गई।

# साहू समाज के गौरव ग्राम भीखापाली पहुंचे सामाजिक प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम





रविवार को साहू समाज के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं भावनात्मक क्षण साक्षी बने, जब साहू समाज का एक सम्मानित प्रतिनिधिमंडल गौरव ग्राम भीखापाली (तेंदुकोना), जिला महासमुंद की पावन धरती पर श्रद्धा एवं नमन के भाव से पहुंचा। लगभग 61 वर्ष पूर्व, 01 मार्च 1964 को इसी पुण्यभूमि पर साहू समाज के महान पुरोधाओं ने एक ऐतिहासिक बैठक आयोजित कर समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी थी। इस ऐतिहासिक अवसर पर समाज के प्रणेता एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. ताराचंद साहू ,स्व. जीवनलाल साव अधिवक्ता विराजपाली, स्व. परमानंद साहू (बांसकांटा), स्व. रामप्रसाद साहू (सुरमाल), स्व. भरतलाल साहू (कौमरा), स्व. छबिलाल साहू (छिंदौली ), स्व. दयाराम साहू (कोदोपाली), हीरामन साहू (सम्हर) सहित अनेक समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति में साहू समाज के गौरवशाली इतिहास को लिपिबद्ध किया गया तथा समाज का बैलाज संविधान निर्मित कर उसकी संरचना तय की गई। इसी कारण ग्राम भीखापाली साहू समाज के इतिहास में एक अमिट और प्रेरणादायी स्थान रखता है। आज उसी ऐतिहासिक और पावन भूमि को नमन वंदन प्रणाम अर्पित करने सामाजिक प्रतिनिधिमंडल भीखापाली पहुंचा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू , राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला साहू संघ महासमुंद के पूर्व उपाध्यक्ष तुलाराम साहू, तहसील साहू संघ पिथौरा के अध्यक्ष मनोहर साहू, तहसील साहू संघ बागबाहरा के अध्यक्ष एवन साहू, परिक्षेत्र साहू समाज भुरभोनी के अध्यक्ष श्रीराम साहू, परिक्षेत्र साहू समाज तेंदुकोना के अध्यक्ष रामनारायण साहू, सामाजिक कार्यकर्ता छगनलाल साहू उपस्थित रहे। साथ ही भीखापाली ग्राम की मातृशक्ति जीवनी साहू एवं पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। यह आयोजन न केवल इतिहास को स्मरण करने का अवसर था, बल्कि समाज की एकता, संस्कार और संगठन की शक्ति का प्रेरणात्मक संदेश भी देता है। गौरव ग्राम भीखापाली की यह पावन धरती आने वाली पीढ़ियों को समाज सेवा, समर्पण और संगठन के मूल्यों की प्रेरणा देती रहेगी।

**समस्या : समिति प्रभारियों की बढ़ी परेशानी, उपार्जन केंद्रों में जगह तक नहीं**

# परिवहन नहीं होने से खरीदी केंद्रों में धान जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा



जल्द ही धान का उठाव नहीं होने से खरीदी हो सकती है प्रभावित

जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी इन दिनों चल रही है। लेकिन, संग्रहण केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। उठाव की गति धीमी होने के चलते केंद्रों में धान जाम हो गया है। धान खरीदी शुरू हुए लगभग डेढ़ माह हो गए है, इससे धान में सूखत आना स्वभाविक है। इधर, उठाव नहीं होने से समिति प्रभारियों की परेशानी व चिंता बढ़ गई है। इस तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान और मुनगासेर के अंतर्गत आने वाले संग्रहण केंद्रों में धान की मात्रा तय बफर लिमिट से अधिक की खरीदी हो चुकी है। लेकिन, उठाव व परिवहन नहीं के बराबर है। यदि मिलर्स जल्द धान का परिवहन में तेजी नहीं लाया गया तो जनवरी माह में धान खरीदी प्रभावित भी हो सकता है। स्टेक फूल है और धान बोरियों की छल्ली लगाने जगह की कमी है। इसे शेष बचे किसानों को धान बेचने में परेशानी होगी। अब केवल जनवरी माह में खरीदी के लिए लगभग 19 दिन शेष रह गए है। वही खरीदी केंद्र में खरीदी लिमिट कम होने से किसान धान बेच नहीं पा रहे अथवा सोसायटी में ऑफलाइन टोकन के लिए किसान ठिठुरन जैसे कड़कड़ाती ठंड में अलसुबह 5 बजे पहुंच जाते है। ऑनलाइन टोकन किसान काट तो रहे है, लेकिन 15 जनवरी के बाद ही धान बेचने का नंबर लग पा रहा है। जिला सहकारी केंन्द्रीय बैक शाखा कोमाखान और मुनगासेर के 16 खरीदी केंद्रों के प्रभारी व प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्र कोमाखान में कुल पंजीकृत कृषक 1223 में से 613 किसान ही लाभवंतित हुए है। नर्रा उपार्जन केंद्र में 1486 में से मात्र 676 किसान ही धान बेच चुके है। परसुली में 1447 में से केवल 550, साल्हेभांठा 750 में से 312, देवरी में 985 में से 415, खेमड़ा में 1080 में से 521, मोगरापाली में 978 में से 526, मुनगासेर में 1393 में से 583, घोटियापानी में 964 में से 394, पटपरपाली 1350 में से 736, गांजर में 952 में से 513, बांघामुड़ा में 1084 में से 492, बंसुलाडबरी में 1140 में से 539, कछारडीही में 1250 में से 520, बकमा खरीदी केंद्र में कुल 1099 में से 516 किसान ही धान विक्रय कर पाया है। इन 16 संग्रहण केंद्रों कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 18795 में से 8377 किसान ही लाभान्वित हुए हैं। अब भी 10418 किसान बाकि है। खरीदी के लिए अब केवल 19 दिन का ही समय शेष है। इसके लिए खरीदी की लिमिट बढ़ाने की दरकार है। इन खरीदी केंद्रों में धान का उठाव व परिवहन नहीं होने से धान जाम सी हो गई है।

### स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से 'सौतेला व्यवहार' कर रही सरकार : रूद्रसेन सिन्हा

**छुईहा बेलर।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रूद्रसेन सिन्हा कुण्डेल ने साय सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ जैसे बिजली सरप्लस (अधिशेष उत्पादन) वाले राज्य में जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के बजाय स्मार्ट मीटर के जरिए परेशान किया जा रहा है। रूद्रसेन सिन्हा ने कहा कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार का नैतिक दायित्व शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी सुविधाएं देना है, लेकिन यह सरकार स्मार्ट मीटर (प्रीपेड मीटर) के माध्यम से आम जनता की बिजली काट रही है।



उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा, /"एक तरफ पूंजीपतियों और सरकारी विभागों का करोड़ों रुपये का बिजली बिल बकाया है, फिर भी उनकी आपूर्ति निर्बाध जारी है। वहीं, आम जनता के कनेक्शन मामूली देरी पर काटे जा रहे हैं। यह जनता के साथ स्पष्ट रूप से सौतेला व्यवहार है। रुद्रसेन सिन्हा ने बिजली विभाग की निविदा प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया किनियमों में बदलाव विभाग ने आपातकालीन और नए कनेक्शन जैसे कार्यों की निविदा प्रक्रिया को अचानक बदलकर जटिल और अव्यवहारिक बना दिया है। जिन कार्यों के लिए पहले ऑनलाइन निविदा में -25% से -30% तक की दरें आती थीं, उन्हें अब +5% से -5% तक सीमित कर दिया गया है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि विभाग खुद ही ऊंची दरें तय कर गिनती के ठेकेदारों को फायदा पहुँचा रहा है, जिससे बिजली विभाग को भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है। ऑनलाइन टेंडर में जो काम कम दरों पर होते थे, उन्हें ऊंची दरों पर फिक्स कर कुछ चुनिंदा लोगों को दिया जा रहा है। बिजली विभाग अपना नुकसान कर ठेकेदारों की जेब भर रहा है।

## मोंगराडीह में डीजे डांस प्रतियोगिता 4 जनवरी को



**मैनपुर।** विकासखंड मैनपुर राजापडाव क्षेत्र के ग्राम पंचायत भूतबेडा के आश्रित ग्राम मोंगराडीह मे नया साल के उपलक्ष्य में जय बिरसा मुंडा युवा संगठन मोंगराडीह के द्वारा 4 जनवरी 2026 दिन रविवार को अंतर राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का विहंगम आयोजन रखा गया है। जहां सामूहिक नृत्य प्रवेश शुल्क 401, युगल नृत्य प्रवेश शुल्क 301, एकल नृत्य प्रवेश शुल्क 151 रखा गया है। जिसमें पुरस्कार की राशि सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 30026, युगल नृत्य में 10026 एवं एकल नृत्य में 5026 जो सप्तम पुरस्कार तक के राशि आयोजक समिति के द्वारा दिया जावेगा। डीजे डांस प्रतियोगिता के संबंध में संस्थापक पूर्व सरपंच अजय नेताम ने बताया कि एक माह से व्यवस्थागत तैयारी करते हुए प्रतिवर्ष नव वर्ष के उपलक्ष्य में विहंगम अंतर राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा जाता है। हजारों के संख्या में दूर दराज से दर्शक दीर्घा पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेते हैं। इस बार डेढ़ लाख रुपए में सागर डीजे कांकेर से मंगाया गया है। जो विशेष लाइटिंग के साथ आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थापक अजय नेताम, जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम, सरपंच प्रतिनिधि टीकम सिंह मरकाम, अध्यक्ष अशोक मरकाम, उपाध्यक्ष उमेश कुमार मरकाम, कोषाध्यक्ष धनेंद्र कुमार सूर्यवंशी, सचिव लक्की नागरची, सह सचिव हरीश मरकाम, संयोजक दुर्गेश नेताम, मीडिया प्रभारी डिमेश्वर नेताम, सलाहकार आशु लाल मरकाम, रामजी नेताम, महेश सूर्यवंशी, सगरु मरकाम, तुलाराम नागेश, दुल्लू राम नेताम, भगचंद नेताम, नरेंद्र कुमार मरकाम, राजेश कुमार नेताम सहित ग्रामीण जन जुटे हुए हैं।

## भक्ति बचपन से ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह : आचार्य रामप्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

मेघ बसंत कॉलोनी में विपिन सविता महंती एवं परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज (कोविद्) ने कहा कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए। क्योंकि, बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है, उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान शास्त्री ने जड़ भरत की कथा में कहा कि हमें कभी आशक्ति नहीं करना चाहिए। आशक्ति ही थी, जिसके कारण भरत महाराज को हिरण का जन्म मिला।



शास्त्री ने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया। साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। नगरवासी अत्यधिक संख्या में उपस्थित होकर पावन कथा का लाभ ले रहे हैं।

## जूनियर स्टार बेलसोंडा ने जीता फाइनल, हुलसी ने विजेता टीमों को बांटे पुरस्कार

**महासमुंद।** स्टार क्रिकेट क्लब बेलसोंडा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन न केवल हार-जीत का गवाह बना, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल भावना और अनुशासन का प्रेरक उदाहरण भी पेश कर गया।



फाइनल मुकाबले में जूनियर स्टार बेलसोंडा ने गोल्ड स्टार खरोरा को हराकर खिताबी जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खरोरा की टीम मात्र 34 रनों पर सिमट गई, जिसे बेलसोंडा की टीम ने मात्र तीन ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी कर हासिल कर लिया। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, महत्वपूर्ण यह है कि खिलाड़ी मैदान पर कितनी ईमानदारी और अनुशासन के साथ खेलता है। विजेता टीम को 15,000 रुपए एवं उपविजेता टीम को 8,000 रुपए के साथ ट्रॉफी आयोजक समिति द्वारा प्रदान की गई। व्यक्तिगत प्रदर्शन में ऐमन यादव को मैन ऑफ द मैच, विपुल चंद्राकर को मैन ऑफ द सीरीज, विनय यादव को बेस्ट बॉलर और विनय रात्रे को बेस्ट फील्डर के खिताब से नवाजा गया, जिसकी राशि एवं ट्रॉफी जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर द्वारा प्रदान की गई। प्लेयर ऑफ़ दी सीरीज सरपंच द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रीत बाई धीवर, पंच कुंती धीवर, वीणा धीवर, हर्ष चंद्राकर सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष पंकज चंद्राकर, कोषाध्यक्ष जय यादव, सोहन चंद्राकर, भानू चंद्राकर, युगल चंद्राकर, हनी चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



## शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रहित

**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. विश्वनाथ साहू ने अपनी दिवंगत नातिन कुमारी मोनिका साहू की स्मृति को चिरस्थायी एवं जनकल्याणकारी स्वरूप देते हुए मोनिका फाउंडेशन की स्थापना की है। ज्ञात हो कि गत वर्ष एक सड़क दुर्घटना में कुमारी मोनिका साहू का असामयिक निधन हो गया था। इस असहनीय पीड़ा को मानव सेवा में परिवर्तित करते हुए डॉ. साहू एवं उनके परिवार ने समाज के लिए एक प्रेरणादायी पहल की है। मोनिका फाउंडेशन की स्थापना की घोषणा के अवसर पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर बीसी साहू, डॉ. गणेश साहू, सनत साहू, नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन एवं परिवारजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। मोनिका फाउंडेशन का उद्देश्य रक्तदान शिविरों का आयोजन कर मानव जीवन की रक्षा करना तथा समाज के वंचित, कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना है। फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, आपदा सहायता एवं मानव सेवा को अपना मूल लक्ष्य मानते हुए कार्य करेगा। इसके अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर बीपीएल परिवारों, अनाथ, निर्धन एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति एवं आवश्यक संसाधनों का सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही दिव्यांगजन, मूक-बधिर, दृष्टिहीन, वृद्ध एवं असहाय व्यक्तियों को चिकित्सा, भोजन, वस्त्र एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। निर्धन परिवारों को पारिवारिक संकट एवं आजीविका सहायता भी फाउंडेशन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी सेवा-संकल्प को साकार करते हुए दिनांक 28 दिसंबर 2025 को मोनिका फाउंडेशन द्वारा ग्राम खुरसेंगा, गांधी चौक में एक सराहनीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. विश्वनाथ साहू एवं धर्मेंद्र साहू ने जानकारी दी कि इस शिविर में 33 यूनिट रक्तदान किया गया, जो कई जरूरतमंद जीवनों के लिए संजीवनी सिद्ध होगा।




**रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित-** रक्तदान शिविर में फाउंडेशन के सदस्य माही साहू लीना साहू, कुलेश्वर साहू, रागिनी साहू, लिखेश्वर साहू, सत्यप्रकाश साहू, पूर्णिमा साहू, पूजा साहू, सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश साहू सहित अनेक रक्तदातागण तुलेंद्र साहू, रामकृष्ण साहू, लीलेश्वर साहू, कुलेश्वर साहू, घनश्याम साहू, दुर्गेश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष बेसन लाल साहू एवं पूज्य पंडित योगेश्वर वत्स महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। रक्तदान के पश्चात सभी रक्तदाताओं को फाउंडेशन की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निश्चय ही मोनिका फाउंडेशन एक मासूम बिटिया की स्मृति से जन्मा ऐसा सेवा-संकल्प है, जो समाज में करुणा, सहयोग और मानवता की भावना को निरंतर मजबूत करता रहेगा।

**तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज, जिले में पहली बार आयोजन**

# पिथौरा में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रीमियर लीग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा

खेल गतिविधियों के लिए अपनी विशेष पहचान रखने वाले पिथौरा नगर में खेल जगत का एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। जिले में पहली बार आयोजित की जा रही पिथौरा फुटबॉल प्रीमियर लीग (पीएफएल) का शुभारंभ 29 दिसंबर से शहीद भगत सिंह खेल मैदान पिथौरा में किया गया। तीन दिवसीय इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले की स्थानीय फुटबॉल प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण मंच प्रदान करना है।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा रिक्की, वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, संदीप सेन, पुष्पकांत पटेल, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं शिक्षक सुधीर प्रधान, विनोद सिन्हा, अनूप टांडी एवं दीपक सिन्हा मंचासीन रहे। पीएफएल 2025 में जिलेभर से चयनित कुल 60 अंडर-19 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



इन खिलाड़ियों को रेड, ग्रीन, ब्ल्यू एवं येलो नामक चार टीमों में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता लीग प्रारूप में आयोजित की जा रही है, जिससे दर्शकों को लगातार रोमांचक और उच्च स्तरीय फुटबॉल मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजन को लेकर युवाओं एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

प्रतियोगिता में मेंटोर एवं प्रशिक्षक के रूप में राजेश साहू, नारायण गबेल, गौरी शंकर पटेल एवं योगेश सोनवानी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं आयोजन को सफल बनाने में खेल संघ के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक पार्षद कौशल दास मानिकपुरी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनके मार्गदर्शन, समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता से प्रतियोगिता का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो रहा है। आयोजकों का कहना है कि पिथौरा फुटबॉल प्रीमियर लीग के माध्यम से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को नई पहचान मिलेगी तथा पिथौरा में खेल संस्कृति को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी। यह आयोजन आने वाले समय में जिले में फुटबॉल के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## खबर संक्षेप



### शीतलापारा में कल मनेगी बाबा गुरु घासीदास जयंती

**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर के वार्ड क्रमांक 20-21 शीतलापारा में 31 दिसंबर को संत बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन समस्त सतनामी समाज द्वारा आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू होंगे। अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अजय साहू करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका के पूर्व अध्यक्ष द्वय विजय गोयल, धनराज मध्यानी, भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन, अभनपुर परिक्षेत्र सतनामी समाज के अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन, अनुसुचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के अध्यक्ष दयालुराम गाड़ा, गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति एकादमी के प्रदेश अध्यक्ष धनेश्वरी-मेलाराम टांडे व पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, सभापति रवि साहू, सहदेव कंसारी, केकती सोनवानी, पूजा कंसारी, निर्मला-धीरज साहू, सचिन सचदेव, पार्षद जीना-सुजीत निषाद, नम्मू ध्रुव,भारत सोनकर, लोमेश्वरी साहू, जागेश्वर यादव, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, दीपाली राजपूत,रामरतन निषाद,फागुराम देवांगन,तरूण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, पूर्व पार्षद दुकालु चक्रधारी ,रामा यादव, भाजयुमो के पूर्व महामंत्री मुकुंद मेश्राम, नवापारा सतनामी समाज के अध्यक्ष दिनेश टंडन, पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष रूख्मणी साहू शामिल होंगे। इस अवसर पर ग्राम बकली के दीपज्योति बालिका पंथी पार्टी का आयोजन होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में सबसे पहले पालो चढाव्रा व गद्दी पूजा होगा। उसके बाद अतिथि सत्कार किया जाएगा।

पेज 9 के शेष...

### भाठीगढ़ से पथर्री...

किया था और ग्रामीणों को जल्द सड़क निर्माण का भरोसा दिया था, जो आज तक अधूरा है।

**विकास की राह में रोड़ाः सड़क की अहमियत-** भाठीगढ़ से पथर्री तक की यह 4 किमी की सड़क केवल एक पगडंडी जैसी है, जिस पर पूर्व में केवल डब्ल्यूडीएम (मिट्टी-मुरुम) का कार्य हुआ है। इस सड़क के बनने से धमतरी मार्ग की दूरी काफी कम हो जाएगी। यह मार्ग मैनपुर, ठेमली, पथर्री और बोईरगांव क्षेत्र के दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ता है। यह क्षेत्र पैरी नदी के उद्गम स्थल के पास होने के कारण पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**कलेक्टर से लगाई आस-** सड़क निर्माण न होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। अब लोगों ने गरियाबंद के वर्तमान कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मांग की है कि इस मार्ग का पुनः सर्वे करवाकर तत्काल डामरीकरण कार्य स्वीकृत किया जाए, ताकि राहगीरों और पर्यटकों को सुविधा मिल सके।

### नारी की शक्ति उनके...

शूर्पणखा के मिलने की कथा सुनाया। शूर्पणखा द्वारा माता सीता के प्रति किए गए अनुचित व्यवहार के कारण लक्ष्मण द्वारा उसके नाक-कान काटे जाने का प्रसंग सुनते ही श्रद्धालु रामभक्ति में लीन हो गए। महाराज जी ने कहा कि अधर्म और अहंकार का अंत निश्चित होता है। कथा के दौरान रावण द्वारा माता सीता के हरण का मार्मिक वर्णन भी किया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रावण, साधु का वेश धारण कर छलपूर्वक माता सीता का अपहरण कर ले गया, जिससे धर्म की पुनस्र्थापना हेतु भगवान श्रीराम को युद्ध का मार्ग अपनाना पड़ा।

**सीता हरण और बाली-सुग्रीव संवाद-** कथा के अगले चरण में बाली-सुग्रीव संवाद एवं उनके संघर्ष का उल्लेख किया गया। महाराज जी ने समझाया कि किस प्रकार गलतफहमियों के कारण भाइयों के बीच वैमनस्यता उत्पन्न हुआ और भगवान श्रीराम के मार्गदर्शन से सुग्रीव को न्याय प्राप्त हुआ। साथ ही उन्होंने अंगद के चरित्र का भी उल्लेख करते हुए उनके साहस, भक्ति और रामनिष्ठा का सुंदर चित्रण किया। पूरी कथा के दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम के उदघोष से गूंजता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि श्रीराम कथा के माध्यम से समाज में धर्म, संस्कार और मर्यादा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

---

**मांग : किसान बिचौलियों को औने-पौने दाम पर फसल बेचने की मजबूरी**

# समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी न होने पर फूटा किसानों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल मैनपुर और देवभोग विकासखंड के हजारों किसान इन दिनों गहरी हताशा और आक्रोश में हैं। मक्का की फसल कटकर और मिंजाई होकर घरों में तैयार रखी है, लेकिन शासन स्तर पर समर्थन मूल्य पर खरीदी की कोई ठोस कार्ययोजना अब तक सामने नहीं आई है। दिसंबर का महीना बीतने को है और खरीदी केंद्र न खुलने से किसान अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। आंकड़ों के अनुसार, मैनपुर क्षेत्र में लगभग 11 हजार हेक्टेयर और देवभोग में 8 हजार हेक्टेयर में मक्के की व्यापक खेती की गई है। किसानों ने महंगे खाद, बीज और दवाओं के लिए कर्ज लिया था। अब कर्ज चुकाने और पारिवारिक जरूरतों (बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह) के लिए नगद राशि की आवश्यकता है। सरकारी खरीदी शुरू न होने का फायदा उठाते हुए बिचौलिये और व्यापारी सक्रिय हो गए हैं, जो किसानों से महज 15-16 रुपये किलो में मक्का खरीद रहे हैं, जबकि लागत कहीं ज्यादा है।

- 19 हजार हेक्टेयर की मेहनत दांव पर, बिचौलिये उठा रहे फायदा



### भंडारण की समस्या और आर्थिक तंगी

शोभा, गौरगांव, कुचेंगा, इंदागांव और तौरेंगा जैसे भारी पैदावार वाले इलाकों के किसानों के पास फसल भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं है। खुले में रखी फसल के खराब होने के डर से किसान इसे कम कीमत पर बेचने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि डेढ़ दशक पहले तक यहाँ केवल धान की खेती होती थी, लेकिन शासन के 'फसल परिवर्तन' के आह्वान पर किसानों ने मक्का अपनाया, जिससे कई परिवारों की तकदीर बदली थी। अब यही फसल उनके लिए चिंता का सबब बन गई है।







### नेताओं और किसान प्रतिनिधियों की चेतावनी

सुकचंद ध्रुव जनपद सदस्य व किसान नेता किसान घरों में मक्का रखकर सरकार का इंतजार कर रहे हैं। गांवों में लगातार बैठकें हो रही हैं। अगर जल्द खरीदी शुरू नहीं हुई, तो किसान सड़कों पर उतरकर चक्काजाम करेंगे।



टीकम सिंह कपिल अध्यक्ष, किसान संघर्ष समिति ने कहा की हमने 15 दिन पहले मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा था, लेकिन शासन ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। समिति किसानों के हक की लड़ाई लड़ेगी। रामकृष्ण ध्रुव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की सरकार की कोई ठोस व्यवस्था न होने से किसान खून-पसीने की कमाई को कौड़ियों के दाम बेच रहे हैं। अविलंब खरीदी शुरू हो, अन्यथा हम उग्र आंदोलन करेंगे।

---

# तौरेंगा में आठ साल बाद आज सजेगा मड़ाई मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डुका

पांडुका अंचल के ग्राम तौरेंगा में इस बार 8 साल बाद मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। लंबे अंतराल के बाद यह आयोजन 30 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को रखा गया है जिसमें सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक देव पूजा राधा कृष्ण राउत नाचा पार्टी का कार्यक्रम होगा साथ ही मड़ाई बाजार भ्रमण 12 बजे से लेकर 6 तक होगा तो वही रात्रि में लोगों की मनोरंजन के लिए ,,जय महामाई छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी दरबे केरा कोमाखान (महासमुंद)का कार्यक्रम होगा साथ ही इस कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू शिरकत करेंगे और लोकार्पण व भूमि पूजन करेंगे। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण वा टीना शेड का भूमि पूजन मुख्य रहेगा साथ ही अंचल के जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी,जनपद सदस्य महेंद ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे वही इस कार्यक्रम की निमंत्रण देने विगत दिनों ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र कुमार ध्रुव, उप सरपंच नागेश कुमार तिवारी, सचिव रेवाराम साहू , पंच श्रवण ध्रुव सहित ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोसु राम ध्रुव, मोतीराम धनुषधारी , रिखीराम ध्रुव, झम्मन राम धनुषधारी आदि विधायक निवास पहुंचे थे।इस मड़ाई मेला कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रामीण के द्वारा किया जाएगा जिसकी रूपरेखा ग्राम विकास समिति ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई है। उत्साह पूर्ण माहौल में शांतिपूर्वक मेला का लोग लुप्त उठाएंगे आनंद लेंगे इस मड़ाई मेला का आयोजन में ग्रामीणों सहित आसपास के गांव वालों में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

---

# नेमन का दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



रासेयो के सक्रीय स्वयंसेवक नेमन साहू का आरडीसी–2026, कर्तव्य पथ,नई दिल्ली के लिए हुआ चयन,जिले के इतिहास में विश्वविद्यालय की ओर से एकमात्र स्वयंसेवक जो राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा

फणिके"वर नाथ शासकीय महाविद्यालय ऋफगे"वर के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के सक्रीय स्वयंसेवक नेमन साहू का राष्ट्रीय सेवा योजना के रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी)–2026, नई दिल्ली के लिए चयन हुआ है जो बी.ए.तृतीय सेमेस्टर के छात्र है तथा ग्राम बहेरपाल निवासी संतोष राम साहू के सुपुत्र है।ज्ञात हो कि एनएसएस आरडीसी–2026 का आयोजन 01 जनवरी से 31 जनवरी तक नई दिल्ली में किया जाएगा।इस दौरान चयनित स्वयंसेवक कर्तव्य पथ पर आयोजित भव्य परेड में भाग लेंगे और महामहिम राष्ट्रपति को सलामी देंगे।आरडीसी के लिए पूरे देश से लगभग 200 एनएसएस स्वयंसेवकों का चयन होता है,जिनमें से 148 स्वयंसेवक ही परेड में सम्मिलित होते हैं।आरडीसी में वही स्वयंसेवक चयनित होते हैं, जिन्होंने एनएसएस के माध्यम से सामाजिक सेवा,अनुशासन और नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य किया हो। इस उपलब्धि पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के एनएसएस समन्वयक प्रो.एल.एस.गजपाल ने कहा कि आरडीसी–2026 के लिए नेमन साहू का चयन उनके सतत सेवा कार्य,अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।रासेयो यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के नेतृत्व में संस्था में एनएसएस गतिविधियों को सशक्त दिशा मिली है।विद्याणथयों को सेवा,राष्ट्रनिर्माण और नेतृत्व के लिए प्रेरित करने में कार्यक्रम अधिकारी की भूमिका अत्यंत प्रेरणादायी रही है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने आगे बताया कि जिले के इतिहास में पहली बार इस भव्य गणतंत्र दिवस परेड, कर्तव्य पथ नई दिल्ली में हमारे यूनिट का एकमात्र स्वयंसेवक है जो विश्वविद्यालय एवं राज्य का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान एवं गौरव प्राप्त हुआ है जो उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। एक छोटे से गांव से निकलकर गणतंत्र दिवस परेड तक का इनका सफ़र हर इच्छुक वॉलंटियर के लिए एक प्रेरणा है। ऐसे ही चमकते रहें और हमारे रासेयो प्रकोष्ट का नाम रोशन करते रहे,यही हम कामना करते है।आज टंकराम वर्मा,मंत्री,उच्च शिक्षा विभाग,डॉ.संतोष कुमार देवांगन,आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग,डॉ.नीता बाचपेयी,राज्य एनएनएस अधिकारी, डॉ.एल.एस. गजपाल, कार्यक्रम समन्वयक एवं डॉ. समीक्षा चंद्राकर, प्रभारी प्राचार्य सह जिला संगठक की उपस्थिति में समरूपता हेतु ट्रैक सूट मंत्री छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के कर कमलों से प्रदान किया गया एवं शिविर सहभागिता पूर्व सौजन्य भेंट भी किया गया। परेड हेतु हाणदक शुभकामनाएँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया।

---

# वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा





हरिभूमि समाचार ही नहीं विचार है इस ध्येय पर विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले हरिभूमि अखबार अपने वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन कर वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री संकल्प छत्तीसगढ़ मिशन अस्पताल के संचालक हेम चंद देवांगन, पवन फ्यूल्स जो पूरे क्षेत्र में पेट्रोल बेचने में नंबर वन है उनके संचालक पवन सिंहा, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता उमेद सिंह दीवान नगर के वरिष्ठ व्यापारी चंदू सेठ द्वारा कैलेंडर का विमोचन किया गया जो क्षेत्र में वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा व्यापारी सामाजिक संगठन एवं विभिन्न लोगों ने भी कैलेंडर के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, कचना धुर्वा महाविद्यालयके प्राचार्य डीके साहू, सेंट जॉन'एस स्कूल के संचालक सेजू जेकब, इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के संचालक प्रीतम साहू, जनपद पंचायत के पदाधिकारी, क्षेत्र के युवा उद्यमी गोलू वर्मा, रानी पर तेवा सरपंच हेम लाल नेताम ,सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष विजय गुप्ता,नेशनल प्राईड स्कूल के ललित साहू, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, नगर पंचायत के सभापति भोले शंकर जायसवाल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष केसरी ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के फनेंद्र साहू, युवा व्यवसाय रवि शंकर देवांगन, ओम ज्वेलर्स के संचालक उमेश कंसारी, भारतीय जीवन बीमा निगम के सलाहकार देव सिंह रात्रे एवं कृष्ण ब्रिक्स एवं पानी पाउच सहित कार वॉशिंग के संचालक राजेश यादव ने कैलेंडर प्रकाशन में शुभकामनाएं दी है और उन्होंन ने कहा कैलेंडर निश्चित रूप से आने वाले 2026 में लोगों के त्योहार, पर्व का मार्गदर्शन करेगी।

---

# भूपेश की कार्यशैली सनातन के विरुद्ध : ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर मलेवा अंचल भाजपा मंडल के महामंत्री ईश्वर वर्मा ने ने भूपेश बघेल के बारे में कहा कि उनकी भाषा,भाव और कार्यशैली सनातन संस्कृति के विरुद्ध है। वर्मा का कहना है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री से इस तरह ओछी और मर्यादाहीन टिप्पणी की अपेक्षा नहीं की जा सकती, इसी कड़ी में भाजपा मंडल मलेवाअचल के अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि विशेषकर तब जब स्वयं महात्मा गांधी की विचारधारा का दावा करने वाली पार्टी से आते हों। अपने बयान में रावण का उदाहरण देते हुए कहा कि रावण एक ब्राह्मण और विद्वान था, भगवान शिव का उपासक था, लेकिन उसके कर्म सनातन संस्कृति के विनाश की ओर थे। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि संतों और धार्मिक कथावाचकों पर टिप्पणी करना न केवल साधु संतों का अपमान है, बल्कि यह लाखों सनातनियों की आस्था पर सीधा कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम और पंडित प्रदीप मिश्रा जैसे संतों को बीजेपी का एजेंट बताना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता नारायण सिंह ठाकुर ने कहा संतों का कार्य किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि समाज के पीड़ित,दुखी और परेशान लोगों के कल्याण के लिए होता है। कुशल सिंह ध्रुव वरिष्ठ कार्यकर्ता ने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी ने रामराज्य की परिकल्पना की थी। अगर कांग्रेस पार्टी वास्तव में गांधी के विचारों को मानतीं है, तो फिर सनातन परंपरा और संतों के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी कैसे उचित ठहराई जा सकती है।

---

# कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा



जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी की विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों और स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए किया गया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को आज़ादी दिलाने से लेकर संविधान निर्माण और लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सतत संघर्ष करने का आह्वान किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नथमल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग की आवाज़ बनी है। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस की विचारधारा देश की एकता, अखंडता और सामाजिक न्याय के लिए प्रासंगिक है। कार्यक्रम में सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव, पूरन सिंह ठाकुर, समद खान, रमेश शर्मा, चमन साहू, डॉ. वाय.के. चन्द्राकर, न्याज अहमद, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव, शमीम खान, सलीम मेमन, इस्माईल मेमन सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान नवनियुक्त किसान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष बुढ़ान ठाकुर का स्वागत किया गया। उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। साथ ही गंगाराम ध्रुव, अवधेश प्रधान, नरोत्तम विश्वकर्मा, गुंजा ठाकुर, पंचराम टंडन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न

---

**कबड्डी प्रतियोगिता 28 टीमों ने लिया हिस्सा**

# खेल भावना से खेलना चाहिए खेल : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला





ग्राम रक्सी में आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में खेल कौशल और अनुशासन का जबरदस्त संगम देखने को मिला, जिसमें जय मां मौली अकलवारा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताबी जीत हासिल की। प्रतियोगिता का आगाज़ 27 दिसंबर की शाम पूजा-अर्चना के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर सरपंच सरिता ध्रुव, जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, ग्राम पटेल भागवत सिन्हा और ग्राम प्रमुख शिवलाल सिन्हा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए टॉस कराकर खेल की शुरुआत की।

**28 टीमों ने दिखाया अपना दम-** इस एक दिवसीय आयोजन में दूर-दराज की कुल 28 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक मैच में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। मैदान के चारों ओर बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों की तालियों और शोर ने रोमांच को दोगुना कर दिया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे प्रथम स्थान जय मां मौली अकलवारा (ट्रॉफी एवं नगद राशि), द्वितीय स्थान जय मां भैरवी खुडियाडीही, तृतीय स्थान बोडराबाधा, चतुर्थ स्थान जय मां जटियाई रक्सी। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सरपंच सरिता ध्रुव ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए, हीन भावना सफलता के मार्ग में बाधा है। जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा कि खेल हमें हार-जीत को समान भाव से स्वीकारना सिखाते हैं। वहीं ग्राम पटेल भागवत सिन्हा ने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी निश्चित रूप से देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है।

**बेस्ट रेडर और कैचर हुए सम्मानित-** विजेता टीमों के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से शानदार प्रदर्शन करने वाले 'बेस्ट रेडर' और 'बेस्ट कैचर' को भी विशेष ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में परस राम सिन्हा, रेखराम ठाकुर, मिथलेश सिन्हा, संतोष ठाकुर, हरीशचंद्र, जितेन्द्र सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

---

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ-27 वर्ष 2025-26
ग्राम तर्री प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. नवापारा
तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / / तह. / वाचक- 2 /2025
नवापारा, दिनांक 19/12/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर कंसारी पिता शंभू साव निवासी गोबरा नवापारा द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है कि आवेदक एवं अनावेदकगण-शीतल, शिवकुमार, नंदकुमार, चन्दु, प्रमिला पिसरान शंभू साव निवासी ग्राम गोबरा नवापारा के संयुक्त नाम पर ग्राम तर्री प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में ख.नं. 304, 333/1 रकबा क्रमशः 0.40, 1.18 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.58 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि संयुक्त नाम पर दर्ज होने के कारण आवेदक को शासकीय कार्य करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण आपसी पारिवारिक बंटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 16.01.2026 को नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता /अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है, बाद मे आये दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ-27 वर्ष 2025-26
ग्राम गोबरा नवापारा प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. नवापारा
तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / / तह. / वाचक- 2 /2025
नवापारा, दिनांक 19/12/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर कंसारी पिता शंभू साव निवासी गोबरा नवापारा द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है कि आवेदक एवं अनावेदकगण के संयुक्त नाम पर ग्राम गोबरा नवापारा प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में ख.नं. 237/1, 237/2, 238/2, 238/3, 238/5, 238/6, 244 रकबा क्रमशः 0.4240, 0.3930, 0.4650, 0.4050, 0.4610, 1.0350, 0.1900 हे. कुल ख.नं. 07 कुल रकबा 3.3730 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि संयुक्त नाम पर दर्ज होने के कारण आवेदक को शासकीय कार्य करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण आपसी पारिवारिक बंटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 16.01.2026 को नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता /अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है, बाद मे आये दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

## खबर संक्षेप



### सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही लोक कल्याण संभव : अविनाश

**नवापारा-राजिम।** सतनाम पंथ के प्रवर्तक, महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती ग्राम टीला में श्रद्धा, अनुशासन एवं सामाजिक एकता के संदेश के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने कार्यक्रम में सहभागिता कर बाबा जी को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यशवंत साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने समता, सत्य और मानवता का जो दीप जलाया था, वही आज समाज को दिशा दिखा रहा है। मनखे-मनखे एक समान का सिद्धांत केवल नारा नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवस्था की रीढ़ है, जिसे हर पीढ़ी को अपनाना चाहिए। कहा कि बाबा जी का जीवन हमें अन्याय, भेदभाव और शोषण के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। समाज को संगठित रहकर शिक्षा, संस्कार और समानता के मार्ग पर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में सतनाम समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी, महिलाएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन, विचार संगोष्ठी एवं सामाजिक एकता के संकल्प के साथ आयोजन संपन्न हुआ। अंत में यशवंत साहू ने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज में भाईचारा, सदभाव और परंपराओं को सहेज कर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 200 लाख मंजूर

**अभनपुर।** दिनांक 29.12.25- विधायक इन्द्रकुमार साहू के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए कुल 200 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है जिसमे डोगीतराई सामुदायिक भवन 5 लाख,ढोंढरा मंच निर्माण व शेड के नीचे तल का कांक्रीटीकरण 5 लाख, संकरी शासकीय प्राथमिक शाला में प्रार्थना शेड 5 लाख, भोथीडीह महिला घाट शेड रामसागर तालाब 5 लाख,सारखी अहाता निर्माण व पेवर ब्लॉक 6 लाख,उपरवारा आदिवासी भवन के पास शेड निर्माण 6 लाख,रवेली शीतला तालाब महिला घाट में शेड 5लाख, सुंदरकेरा भारत माता चौक के पास सीसी रोड 5 लाख,छांटा मे देवांगन समाज भवन के पास शेड 6 लाख, तामासिवनी पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में कांक्रीटीकरण 5 लाख,खोरपा दुर्गा चौक भाठापारा में शेड 3 लाख,पोंड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना शेड 5 लाख,टीला वार्ड क्रमांक 16 में कामगार शेड 5 लाख,खोरपा दुर्गा चौक भाठापारा में शेड निर्माण 3 लाख,डोमा अंडरग्राउंड नाली निर्माण 5 लाख,मोखेतरा रामायण चौक के पास अहाता निर्माण 5 लाख,कठिया शीतला तालाब के पास शेड निर्माण 5 लाख,उगेतरा यादव पारा में सामुदायिक भवन 5 लाख,तर्री बजरंग चौक में सामुदायिक भवन 5 लाख,नवागांव (क) पनखट्टी तालाब में शेड निर्माण 5लाख,जौदा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना शेड 6 लाख, कुम्हारी गोंड पारा में शेड निर्माण 5 लाख की स्वीकृति मिली है।

## निधन

### इन्द्रजीत (बॉबी) साहू

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा निवासी मुकेश कुमार साहू के सुपुत्र इन्द्रजीत (बॉबी) साहू उम्र 23 वर्ष का निधन विगत दिवस हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के शमशान घाट में किया गया, अंतिम संस्कार में ग्राम के रमेश साहू, पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, सेवाराम, परदेशी, छन्नु, धनेश, निमेश गन्नु, राधे, नेकी, गिरवर, रमन नामदेव, सोमन यदु शामिल हुए।

## कलम बंद-काम बंद : जिले में अधिकारी-कर्मचारी महासंघ का हुआ हंगामा

# केंद्र के समान डीए और 300 दिन के अवकाश की मांग पर अड़े कर्मचारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन का आगाज़ गरियाबंद में भी हुआ। मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर तीसरे चरण की इस हड़ताल का जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में जबरदस्त असर देखने को मिला। कामकाज पूरी तरह ठप रहा और कर्मचारी-अधिकारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर गांधी मैदान में एकजुट होकर धरने पर बैठ गए। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने धरने को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व भाजपा ने 'मोदी की गारंटी' के तहत कर्मचारियों की मांगें पूरी करने का भरोसा दिया था, लेकिन सरकार बने दो साल बाद भी कोई ठोस पहल नहीं हुई है। पदाधिकारियों ने इसे स्पष्ट रूप से वादाखिलाफी करार देते हुए कहा कि यह आंदोलन सरकार को उसकी प्रतिज्ञा याद दिलाने के लिए है।

■ गांधी मैदान में जमा हुए हजारों कर्मचारी

### प्रशासनिक कामकाज हुआ ठप

हड़ताल के कारण जिले में राजस्व, पंचायत और कलेक्ट्रेट सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों की सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहीं। आम जनता को शासकीय कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़े, लेकिन कलम बंद हड़ताल की वजह से एक भी फाइल आगे नहीं बढ़ी। आंदोलन में प्रमुख रूप से एम.आर. खान (जिला संयोजक), बसंत त्रिवेदी (महासचिव), सुनील यादव (सचिव), बसंत मिश्रा (अध्यक्ष लिपिक वर्ग संघ), सुदामा ठाकुर, अनूप महाड़िक (शिक्षक संघ), और बसंत वर्मा (लघुवेतन कर्मचारी संघ) सहित वन कर्मचारी संघ, पटवारी संघ और आरएचओ संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। हजारों की संख्या में पहुंचे महिला और पुरुष कर्मचारियों ने नारेबाजी कर अपनी एकता का परिचय दिया।

**प्रमुख 11 सूत्रीय मांगें- महंगाई भत्ता -** केंद्र के समान देय तिथि से डीए लागू करना और एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में जमा करना।

**वेतन विसंगति-** पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक कर लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग की विसंगतियां दूर करना।

**समयमान वेतनमान-** सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान की सुविधा।

**नियमितीकरण-** पंचायत सचिवों का शासकीयकरण और संविदा/अनियमित कर्मचारियों के लिए ठोस नीति। **अन्य मांगें-** अनुकंपा नियुक्ति में 10% सीलिंग को शिथिल करना, कैशलेस इलाज की सुविधा, अर्जित अवकाश 300 दिन करना और सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी-** फेडरेशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो राज्य स्तरीय फेडरेशन के साथ मिलकर आने वाले समय में इससे भी बड़े और उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

# वीर बालकों की स्मृति में विद्यार्थियों ने रोपे पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

वीर बाल दिवस के अवसर पर शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संचालित यूथ एवं इको क्लब तथा साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शहीद वीर बालकों की स्मृति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वीर बालक साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह की वीरता, त्याग और अदम्य साहस को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन इको क्लब प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बालकों का जीवन हमें साहस, निडरता और कर्तव्यबोध की प्रेरणा देता है, वहीं वृक्षारोपण जैसे कार्य हमें प्रकृति से जुड़कर समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की सीख देते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य बी.एल. ध्रुव, एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा, व्याख्याता संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर एवं गोपाल देवांगन ने विद्यार्थियों को वीर बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों को संस्कार निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में साइंस क्लब अध्यक्ष रूमिना शाह, इको क्लब अध्यक्ष मोनिका देवांगन सहित याचना साहू, लक्ष्मी वर्मा, मयंक पटेल, मोक्ष, भावेश देवांगन, खिलेश्वर, मोनिका साहू, नम्रता, मेघा, भारती साहू, कीर्ति चांद्रशेखर एवं शकुन्तला साहू की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर युथ क्लब द्वारा आम, नीम एवं अमरूद के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

# बूढ़ादेव व पीढ़ी पूजा में विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)





ग्राम कोरासी में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिलाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, लवकुमार ठाकुर, लेखराम ठाकुर, रघुनाथ ठाकुर सहित समस्त मरई परिवार के द्वारा अपने ईष्ट देव बुढ़ादेव एवं पीड़ी पूजा अर्चना कर अपने समुदाय की एक परंपरा निभाई है, जिसमें वे अपने कुल देवता को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पुजाई कार्यक्रम का अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस पूजा का उद्देश्य पुरे ठाकुर मरई परिवार को सुख समृद्धि, सुरक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कुल देवता का आदर करना है।ज्ञात हो कि नीलकंठ ठाकुर के पिता नरोत्तम सिंह ठाकुर,स्व, नारायण ठाकुर, निरोत्तम ठाकुर,नरसिंग ठाकुर,श्यामरतन ठाकुर ने अपने अपने एक पीढ़ी में यहां पुजाई का आयोजन किया गया था।

निलकंठ ठाकुर ने बताया कि मेरे पिता जी और दादा ने अपने अपने समय में यहां पुजाई का कार्यक्रम किया गया था। उन्होंने यहां भी बताया कि हमारे परिवार में पीढ़ी दर से पुजाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस लिए हमारे पीढ़ी में परिवार सहित 27 दिसंबर को यहां कार्यक्रम संपन्न हुआ। दूसरे दिन मरई परिवार द्वारा अपने ईष्ट मित्र, सखा संबंधी और अन्य लोगों को सह सम्मान के साथ भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम के तहत सभा का आयोजन किया गया जिसमें बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक राम ध्रुव ने भी शामिल होकर परिवार की सुखशांति के कामना की और ठाकुर परिवार को बधाई देते हुए सुख समृद्धि की कामना किया।

वहीं छतर सिंह ठाकुर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के गरियाबंद जिला संरक्षक, शीतल ध्रुव छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला सचिव, राजा साहब यशपेंद्र शाह, टंकेश्वर मरकाम, पुनित राम ठाकुर, बिसहत ध्रुव, मनोहर ध्रुव सहित समाज के प्रमुख गण मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि यहां पर्व धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को और बढ़ाती है। एक दूसरे से मेलजोल और सामूहिक एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। इस मौके पर मनोज ध्रुव, बिहसत, ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, पालेश्वर ध्रुव, पुरुषोत्तम ध्रुव सहित समस्त ठाकुर मरई परिवार और आस-पास क्षेत्र के समाज के प्रमुख गण उपस्थित थे।

# राष्ट्र के निर्माण और विकास में महिलाओं की सुरक्षा सबसे अहम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के गुलाब गार्डन में मातृशक्तियों द्वारा शौर्य समृद्धि शाखा एवं कुटुंब प्रबोधन का आयोजन प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य योगिता सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू उपस्थित रही। उपस्थित मातृ शक्तियों द्वारा भारत माता एवं तुलसी की पूजा अर्चना कर शाखा आरंभ की गई। महिलाओं द्वारा हनुमान चालीसा पाठ एवं कई रोचक ज्ञानवर्धक खेल का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य योगिता सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में महिलाओं की अहम हिस्सेदारी है। भारत वीरांगनाओं की भूमि है। भारत रानी लक्ष्मी बाई, अहिल्या बाई होलकर, मिनी माता जैसे मातृ शक्तियों की कर्म भूमि रही है। भारत को एक बार फिर सोने की चिड़िया बनाने के हम सब को कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहने आवश्यकता है।

### सामाजिक, राजनैतिक क्षेत्रों में महिलाएं सशक्त हुई : नपा अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने महिलाओं के लिए शाखा लगाने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश विकसित राष्ट्र की संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। जिसमें महिलाओं की हिस्सेदारी महत्वपूर्ण है। सामाजिक, राजनैतिक क्षेत्रों में महिलाएं सशक्त हुई है जो विकसित भारत के निर्माण के लिए शुभ संकेत है। कार्यक्रम में सोनल महाड़िक, रुचि सेठ, श्वेता अग्रवाल,पूजा सायरानी, शोभना शिंदे, अंजली शिंदे, सरोज कंसारी, हेमा जैन, ममता साहू की विशेष सहभागिता रही।

## रबि में कम पानी खपत और आमदनी ज्यादा वाले फसल लें : कृषि विभाग



**छुईहा बेलर।** रबी मौसम में धान के फसल में कमी लाने और किसानों को कम लागत, कम मेहनत में उपज का अच्छा दाम दिलाने के लिए ग्राम चैतरा, बिजली, कौंदकेरा, सुरसा बांधा के किसानों की बैठक लेकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है तथा उनकी सहमति पर आवश्यकतानुसार बीज उपलब्धता की जानकारी दी गई। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व प्रभारी कृषि परियोजना विभाग फिंगेश्वर केआर वर्मा ने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए अधिक पानी की जरूरत होती है। साथ में विकास अधिकारी नरेन्द्र कश्यप व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिशंकर सुमेर उपस्थित थे। ने आगे कहा की कृषि विभाग द्वारा भू जल स्तर को गिरने से बचाने तथा गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या का समाधान हो सके, इसे ध्यान उप संचालक कृषि गरियाबंद चंदन राय के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न गांवों के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल जैसे गेहूं, चना, उड़द और मक्का रागी बोने जागरूकता अभियान चलाकर फिंगेश्वर कृषि विभाग में बीज वितरण किया जा रहा है। आगे भी किसानों की सहमति पर उनकी मांग अनुसार अनुदान पर बीज वितरण का कार्य प्रगति पर है यदि कोई कृषक धान के आलावा अन्य फसल की खेती करना चाहते है तो अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार या कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# भाजपा नेता देवांगन ने सब्जी मंडी में सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 129वीं कड़ी का प्रसारण 28 दिसंबर को हुआ। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने नवापारा के थोक सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं और क्रेताओं के साथ मन की बात सुनी। इसके बाद किशोर ने विक्रेताओं और क्रेताओं से मन की बात के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि मन की बात आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाने वाला एक कार्यक्रम है जिसके जरिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के नागरिकों को संबोधित करते हैं। किशोर ने कहा कि /"मन की बात का मुख्य उद्देश्य भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो के माध्यम से नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करना, शासन व्यवस्था पर संवाद को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय उपलब्धियों का जश्न मनाना और अन्य मुद्दों को उठाना है। साथ ही सामाजिक सदभाव को बढ़ावा देना और जमीनी स्तर के प्रयासों, सांस्कृतिक गौरव और विकास पहलों को उजागर करके राष्ट्र निर्माण में भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। /"मन की बात/" आम आदमी से जुड़ने, विचारों को साझा करने, सामूहिक कार्रवाई को प्रेरित करने और रेडियो की व्यापक पहुंच का उपयोग करते हुए गैर-राजनीतिक तरीके से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों और उपलब्धियों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। किशोर ने लोगों से अपील की कि वे सब प्रतिमाह आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाली इस अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम का प्रसारण अनिवार्य रूप से सुना करें क्योंकि ये प्रधानमंत्री मोदी के मन की देश और देशवासियों के हित की बातें होती हैं, जो उनके मुख से माध्यम से सार्वजनिक होती हैं।

## समुद्र, पनडुब्बी और विज्ञान स्थलों ने बढ़ाया बच्चों का ज्ञान व जिज्ञासा

# जिले के छात्रों ने विशाखापट्टनम में समुद्री विज्ञान और पनडुब्बी का रोमांच देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिला कलेक्टर भगवान सिंह उइके, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर और सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत गरियाबंद जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर के गणित–विज्ञान में रुचि रखने वाले 10 छात्र-छात्राओं का विशाखापट्टनम शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।इस शैक्षणिक यात्रा के प्रभारी जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा एवं धात्री पांडे रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने रास्ते में नालको संयंत्र एवं घाटी के मनोरम दृश्य देखे, जिससे बच्चे अत्यंत आनंदित हुए। विशाखापट्टनम पहुंचने पर विद्यार्थियों ने आईएनएस सबमरीन (पनडुब्बी) का अवलोकन किया, जहां उन्हें यह जानकारी मिली कि पनडुब्बी के भीतर सैनिक किस प्रकार सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करते हैं। यह अनुभव बच्चों के लिए अत्यंत रोमांचक और ज्ञानवर्धक रहा।

**बच्चों की प्रतिक्रिया-** विद्यार्थियों ने बताया कि यह यात्रा उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही। इससे उन्हें विज्ञान, समुद्री जीवन, पनडुब्बी की कार्यप्रणाली के साथ-साथ दूसरे राज्यों की संस्कृति, भाषा और खान-पान की जानकारी मिली। बच्चों ने कहा कि इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं हर वर्ष आयोजित की जानी चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को देश के विभिन्न राज्यों में स्थित ज्ञानवर्धक स्थलों से परिचित होने का अवसर मिल सके।

### पर्यटन स्थलों ने मोहा मन

विद्यार्थियों ने कैलाशगिरी में हाल ही में निर्मित ग्लास ब्रिज का अवलोकन किया, जिसने उन्हें रोमांच से भर दिया। इसके बाद उन्होंने श्री वेंकटेश्वर मंदिर के दर्शन किए। इसके साथ ही ऋषिकुंडा बीच और आरके बीच पर पहली बार समुद्र देखने का अवसर मिला। समुद्र की लहरें, पानी का खारापन और लहरों की आवाज सुनकर सभी बच्चे अत्यंत उत्साहित और खुश नजर आए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी जूलॉजिकल पार्क में सफेद टाइगर, सिंह, बाघ, भालू, जिराफ, विभिन्न प्रजातियों के तोते, मोर, सांप, शुतुरमुर्ग, एमू एवं अन्य पक्षियों को देखा। वन्यजीवों को नजदीक से देखकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।